2-Feb -RAIGARH-BHOOMI-pg-1-JACKET_Layout 1 2/2/2026 8:41 PM Page 1

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]



2-FEB -RAIGARH-BHOOMI-pg-2_Layout 1 2/2/2026 9:24 PM Page 1



# स्थानीय वन औषधियों से तैयार होगा उच्च गुणवत्ता का च्यवनप्राश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर वन विभाग अब वन संरक्षण के साथ-साथ आमजन के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में भी बड़ी पहल करने जा रहा है। विभाग द्वारा जल्द ही उच्च गुणवत्ता से भरपूर च्यवनप्राश बाजार में उतारा जाएगा, जिसका लाइसेंस विभाग को आयुष मंत्रालय द्वारा हल ही में प्राप्त हो चुका है। यह च्यवनप्राश पूरी तरह से स्थानीय स्तर पर, स्थानीय जंगलों की जड़ी बूटियों के मिश्रण से तैयार किया जाएगा। जशपुर के जंगलों में उपलब्ध वन औषधिया अब सीधे रूप में मानव स्वस्थ को बेहतर बनाने के काम आएंगी,स्थानीय जंगलों में उपलब्ध जड़ी बूटियों को इस उत्पाद से राष्ट्रीय एवं वैश्विक पहचान मिलेगी। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जशपुर में बनने के वाले इस च्यवनप्राश की सबसे बड़ी खासियत इसकी शुद्धता और गुणवत्ता होगी। इसमें स्थानीय जंगलों में पाई जाने वाली औषधीय वनस्पतियों का उपयोग किया जाएगा, जिससे इसका औषधीय प्रभाव और भी अधिक प्रभावी होगा। यह उत्पाद बाजार में उपलब्ध सामान्य च्यवनप्राश की तुलना में बेहतर गुणवत्ता का होगा।

**जंगल से जन-जन के स्वास्थ्य को संरक्षित करने की योजना**

**आरोग्य अमृत'अवलेह नाम से जल्द बाजार में होगा उपलब्ध**




**स्वस्थ और स्वावलंबन दोनों साथ साथः** कुल मिलाकर, जशपुर वन विभाग की यह पहल स्वास्थ्य, स्वावलंबन और स्थानीय संसाधनों के सदुपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।जिससे न केवल स्वस्थ में सुधार होगा बल्कि स्थानीय लोगों को औषधीय वनोपज के व्यापार को भी बल। मिलेगा, साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

**क्या कहते हैं वन मण्डलाधिकारी :** जशपुर वन मण्डल के वन मंडलाधिकारी शशि कुमार का कहना है कि जशपुर के जंगलों में उपलब्ध वनोपज से ही च्यवनप्राश का उत्पादन किया जा रहा है जिसे आरोग्य अमृत नाम दिया गया है। हमारे इस प्रयास से लोंगो को बेहतर स्वस्थ के लिए औषधीय गुणों से भरपूर च्यवनप्राश आरोग्य अमृत प्राप्त होगा साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार भी।

### कम शक्कर, ज्यादा आंवला होगी इसकी विशेषता

इस च्यवनप्राश में मिठास के लिए शक्कर की मात्रा कम रखी जाएगी, जबकि आँवला की मात्रा अधिक होगी। आंवला इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाता है, ऐसे में यह च्यवनप्राश बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए लाभकारी साबित होगा।

### छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड के तहत हो रहा निर्माण

यह च्यवनप्राश छत्तीसगढ़ हर्बल बॉन्ड के अंतर्गत तैयार किया जा रहा है और इसे 'आरोग्य अमृत'नाम से बाजार में उतारा जाएगा। इससे न केवल लोगों को शुद्ध और भरोसेमंद आयुर्वेदिक उत्पाद मिलेगा, बल्कि स्थानीय वन संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन को भी बढ़ावा मिलेगा।

### आर्थिक और स्वास्थ्य दोनों को लाभ

वन विभाग की इस पहल से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।जिससे स्थानीय निवासियों का आर्थिक विकास भी सुनिश्चित है, साथ ही जशपुर को आयुर्वेदिक और हर्बल उत्पादों के एक नए केंद्र के रूप में पहचान मिलने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं



**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएं एवं मांगों की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। उन्होंने जनसुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 40 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका उन्नयन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे।

### भाजयुमो जिला अध्यक्ष जूदेव 5 को आएंगे

**जशपुरनगर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव के प्रथम जशपुर आगमन पर 5 फरवरी बुधवार को जिलेभर में भव्य स्वागत रैली एवं स्वागत समारोहों का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम को लेकर युवा मोर्चा एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्वागत यात्रा की शुरुआत प्रातः 09:30 बजे लवाकेरा से होगी। इसके पश्चात क्रमशः तपकरा (10:30 बजे), फरसाबहार (12:00 बजे), दोकड़ा (01:30 बजे), बगिया (02:00 बजे) एवं कुनकुरी (03:00 बजे) में स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुनकुरी में हनुमान टेकरी में पूजा-अर्चना, अटल परिसर एवं स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके उपरांत जूदेव प्रतिमा से कुनकुरी बस स्टैंड तक भव्य स्वागत रैली निकाली जाएगी। दोपहर पश्चात चरईडाड (04:15 बजे), पतराटोली (04:25 बजे), बालाछापर (04:45 बजे) तथा गम्हरिया (05:00 बजे) में स्वागत समारोह एवं बाइक रैली आयोजित की जाएगी। जशपुर में आगमन पर स्व. श्री दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा, भगवान बालाजी एवं माँ काली मंदिर, तथा महाराजा चौक स्थित श्री राजा विजय भूषण सिंह जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम प्रस्तावित है। सायं 06:00 बजे बस स्टैंड जशपुर में स्वागत एवं उद्बोधन के पश्चात बस स्टैंड से भाजपा कार्यालय तक पदयात्रा निकाली जाएगी, जहां कार्यक्रम का समापन होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन भा.ज.यु.मो. वृषभ गोपाल कश्यप एवं विकास राजा सोनी के नेतृत्व में किया जा रहा है। आयोजकों ने जिलेभर के कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### सेवानिवृत्त प्रधान पाठक सिमनु का बीईओ ने किया सम्मान



**पत्थलगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला राजाआमा के प्रधान पाठक सिमनु राम भगत अर्धवार्षिक आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा पेंशन अदायगी आदेश शाल श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वय सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा। सेवानिवृत्ति पर सिमनु राम भगत ने कहा कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा आज सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन अदायगी का आदेश दिया गया है वह काबिले तारीफ है। पहले पेंशन के लिए चक्कर काटने पड़ते थे आज हमें काफी सुकून का अनुभव हो रहा है।

## विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर वन विभाग की प्रशिक्षण कार्यशाला

# माउंट एवरेस्ट से भी अधिक ऊंचाई पर उड़ान भरते हैं पक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ विदेशी प्रवासी पक्षियों एवं उनके संरक्षण की दी गई जानकारी

विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर वन मंडल जशपुर के तत्वावधान में जिला मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर दूर स्थित नीमगांव जलाशय परिसर में प्रशिक्षण कार्यशाला एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन तथा वन विभाग की टीम शामिल हुई।

कार्यक्रम के दौरान नीमगांव वेटलैंड, जशपुर वनमंडल कैटलॉग का विमोचन डीएफओ शशि कुमार, एसडीओ वन करन सिंह, विधायक रायमुनी भगत, रागिनी भगत, नागेंद्र भगत ने किया। इसके पश्चात उपस्थित ग्रामीणों एवं प्रतिभागियों ने वेटलैंड मित्र के रूप में स्वेच्छा से कार्य करने की शपथ ली। कार्यशाला को संबोधित करते हुए वन मंडलाधिकारी (डीएफओ) शशि कुमार ने विदेशी प्रवासी पक्षियों की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कुछ प्रवासी पक्षी लगभग 8000 किलोमीटर की दूरी तय कर नीमगांव जलाशय तक पहुंचते हैं। ये पक्षी माउंट एवरेस्ट से भी अधिक ऊंचाई पर उड़ान भरने में सक्षम होते हैं तथा बिना रुके करीब 800 किलोमीटर तक निरंतर उड़ सकते हैं। डीएफओ ने कहा कि यह क्षेत्रवासियों के लिए सौभाग्य की बात है कि विदेशी प्रवासी पक्षी नीमगांव जलाशय को अपना अस्थायी बसेरा बना रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि वन विभाग द्वारा नीमगांव में पक्षी विहार का निर्माण किया जा रहा है, जिससे आमजन स्थानीय एवं विदेशी प्रवासी पक्षियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।






### नवंबर से फरवरी तक दिखाई देते हैं प्रवासी पक्षी

डीएफओ शशि कुमार ने बताया कि विदेशी प्रवासी पक्षी नवंबर से फरवरी के बीच नीमगांव जलाशय में देखे जाते हैं। इसके बाद वे पुनः अपने गंतव्य की ओर लौट जाते हैं। ये पक्षी सामान्यतः उन आर्द्रभूमि क्षेत्रों में आते हैं, जहां जलस्तर तीन मीटर से कम होता है।

### पक्षियों को नुकसान पहुंचाने पर होगी सख्त कार्रवाई

जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि विदेशी प्रवासी पक्षियों का आगमन जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पक्षियों को नुकसान पहुंचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने सभी से पर्यावरण एवं पक्षी संरक्षण के लिए संकल्प लेने की अपील की।

### पक्षी मित्र बनकर संरक्षण का आह्वान

कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा महामंत्री मण्डल जशपुर शहर एवं नीमगांव सरपंच नागेंद्र भगत ने कहा कि पक्षी हमारे मित्र हैं और उन्हें किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। नीमगांव का वातावरण प्रवासी पक्षियों के लिए अनुकूल है। उन्होंने ग्रामीणों से पक्षी मित्र बनकर संरक्षण में सहयोग करने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया।

### स्वच्छता अभियान चला, इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के अंतर्गत जलाशय क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर रागिनी भगत भाजपा उपाध्यक्ष जशपुर मंडल शहर, रोशन, भगत, भैय्या राम, विशाल भगत, महावीर राम, विनोद अवधार, करोंजा के पवन इसके आलावा वन मंडल की टीम सागर भगत, विनोद भगत, दीपक मिंज, बिंदेश्वर भगत, विजय थापा, दिनेश लकड़ा, संगीता भगत, सुरेश लकड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## गौ तस्कर मुजम्मिल समेत चार गिरफ्तार



**राउरकेला।** राज्य के अन्य हिस्सों की तरह राउरकेला पुलिस ने गौ तस्करी के खिलाफ मेगा अभियान चलाया, जिसमें पुलिस को बड़ी सफलता मिली। कुख्यात गौ तस्कर मुजम्मिल अंसारी समेत चार तस्करों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया है। गौ तस्करी और अवैध हथियारों की तस्करी में संलिप्त एक कुख्यात गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गुडगुडजोर और बिसरा क्षेत्र में छापेमारी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा बड़ी मात्रा में अवैध हथियार, जिंदा कारतूस और वाहन जब्त किए हैं।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 फरवरी को गश्ती दल को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि गुडगुडजोर निवासी मोजम्मिल अंसारी अपने घर में अवैध हथियार छिपाकर रखे हुए है और अपने सहयोगियों के साथ हथियारों की अवैध खरीद बिक्री की योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस दल ने तत्काल गुडगुडजोर गांव में दबिश दी और मोजम्मिल अंसारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देसी रिवॉल्वर और दो जिंदा कारतूस बरामद किए। गहन पूछताछ के दौरान मोजम्मिल अंसारी ने खुलासा किया कि उसके सहयोगी समीऱ अंसारी, हसन अंसारी दोनों गुडगुडजोर निवासी तथा सैयद गुलाब अमना कॉलोनी, बिसरा भी अवैध हथियारों को अपने अपने कब्जे में रखे हुए हैं, जिन्हें बेचने की तैयारी की जा रही थी।इसके बाद पुलिस ने समीऱ अंसारी के घर से एक एयर गन तथा अमना कॉलोनी स्थित सैयद गुलाब के घर से एक नकली पिस्टल, एक बिलहुक धारदार हथियार और एक तलवारनुमा डंडा जब्त किया।

## हॉकी प्रो लीग के मुफ्त टिकट पंजीकरण पर उठे सवाल



**राउरकेला।** विश्व के सबसे बड़े हॉकी स्टेडियम बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित पुरुष हॉकी प्रो लीग के मुकाबलों को लेकर जहां खेलप्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है, वहीं मुफ्त टिकट पंजीकरण प्रक्रिया ने शुरू होते ही विवाद खड़ा कर दिया है। हॉकी इंडिया द्वारा राउरकेला में होने वाले सभी छह मैचों के लिए निशुल्क प्रवेश की घोषणा के बाद जैसे ही टिकट पंजीकरण पोर्टल खोला गया, कुछ ही घंटों में सभी टिकट बुक हो जाने का दावा कर दिया गया।

बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम की दर्शक क्षमता 20 हजार से अधिक है। ऐसे में इतने कम समय में सभी वर्चुअल टिकटों का समाप्त हो जाना प्रशंसकों के बीच भ्रम और संदेह पैदा कर रहा है। बड़ी संख्या में लोगों का कहना है कि उन्होंने समय पर पोर्टल और आधिकारिक ऐप पर लॉग इन किया, लेकिन टिकट उपलब्ध नहीं दिखे। गौरतलब है कि पिछले आयोजनों में केवल पश्चिम स्टैंड के लिए ही सीमित टिकट जारी किए जाते थे, जबकि पूर्व, उत्तर और दक्षिण स्टैंड दर्शकों के लिए खुले रहते थे और उनके लिए केवल पंजीकरण की व्यवस्था होती थी। लेकिन इस बार स्थिति पूरी तरह भिन्न रही। चारों स्टैंडों के लिए टिकट पंजीकरण संभव नहीं हो पाया, जिससे यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या टिकट वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती गई। टिकट पंजीकरण की इस प्रक्रिया को लेकर प्रशंसकों के बीच चालाकी और अनियमितता के आरोप लग रहे हैं। कई खेल प्रेमियों का कहना है कि यह या तो गंभीर तकनीकी खामी है या फिर टिकटों का पूर्व आवंटन किया गया है। हालांकि इस पूरे मामले पर अब तक आयोजकों या हॉकी इंडिया की ओर से कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है।

## केंद्रीय बजट क्रांतिकारी व ऐतिहासिक : नायक

**राउरकेला।** केंद्र सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर भारतीय जनता पार्टीए राउरकेला संगठनात्मक जिला की ओर से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। यह प्रेस वार्ता सेक्टर 5 स्थित पंथ निवास परिसर में जिला अध्यक्षा पूर्णिमा केरकेटा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रेस वार्ता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल ओडिशा सरकार के कैबिनेट मंत्री पंचायती राज एवं पेयजल रवि नारायण नायक ने केंद्रीय बजट को जनहितकारी, क्रांतिकारी और ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री के विजन सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित करता है। बजट के माध्यम से गरीब, किसान, महिला, युवा और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस अवसर पर रघुनाथपाली के विधायक दुर्गा चरण तांती, भाजपा के राज्य सचिव रामचंद्र हांसदा, राज्य कार्यकारिणी सदस्य जगबंधु बेहेरा सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

## पानी पीने के बहाने घर में घुसे सशस्त्र डकैत, सात लाख नकद व 11 लाख के गहने लेकर फरार

**राउरकेला।** केंदुझर सदर थाना क्षेत्र के बायापंडाधार गांव में मंगलवार देर रात एक सुनियोजित सशस्त्र डकैती की वारदात ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। आठ नकाबपोश डाकुओं ने पानी मांगने के बहाने घर में घुसकर बंदूक की नोक पर 6 लाख 80 हजार रुपए नकद और करीब 11 लाख रुपए मूल्य के सोने के गहने लूट लिए।दुर्घटना का नाटक कर खुलवाया दरवाज़ा पीड़ित गृहस्वामी संग्राम केशरी नायक के अनुसार, डाकू देर रात एक व्यक्ति को सहारा देकर उनके घर पहुंचे और यह कहकर दरवाजा खुलवाया कि दुर्घटना हो गई है तथा पानी की जरूरत है। जैसे ही परिवार ने मानवीय आधार पर दरवाजा खोला, आठ हथियारबंद बदमाश जबरन घर में घुस आए।



डाकुओं ने सभी पर बंदूक तान दी, घर के सदस्यों के मोबाइल फोन छीन लिए और उन्हें एक कमरे में बंद कर बाहर से ताला लगा दिया। इसके बाद बदमाशों ने पूरे घर की अलमारियों, बक्सों, बैग और पलंग के नीचे रखे सामान की बारीकी से तलाशी ली।तलाशी के दौरान डाकुओं ने 6.80 लाख रुपए नकद तथा लगभग 11 लाख रुपए के सोने के आभूषण समेट लिए और मौके से फरार हो गए। संग्राम नायक ने बताया कि सात डाकुओं ने मास्क पहन रखा था, जबकि एक का चेहरा खुला था। सभी बदमाशों के हाथ में बंदूक थी, जिससे स्पष्ट है कि वारदात पूरी तरह पूर्व नियोजित थी।

## जमुनानाकी ब्रिज से 30 फीट नीचे गिरा ट्रक

**राउरकेला।** ब्रह्मणी तरंग थाना क्षेत्र अंतर्गत राउरकेला वेदव्यास से कुआरमुंडा जा रहा 18 चक्का वाले लोडेड ट्रक रविवार देर रात अनियंत्रित होकर शंख नदी पर यमुना नाकी पुल की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 30 फीट नीचे नदी में जा गिरा। इस भीषण हादसे में ट्रक के हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही रात में ही अग्नि शमन विभाग की टीम ने नदी में उतर कर राहत व बचाव का कार्य किया। हाई केपिसिटी वाले क्रेन की मदद से ट्रक के आगे के हिस्से को हटा कर हेल्पर व चालक को निकाला। हेल्पर की मौत हो चुकी थी, जबकि गंभीर रूप से घायल चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया।



घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद घायल चालक व हेल्पर को ट्रक से बाहर निकालने में दमकल विभाग को मदद की। चालक को राउरकेला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर होने से जेपी रेफर किये जाने की सूचना है।

## औद्योगिक सुरक्षा में कम्पीटेंट पर्सन की भूमिका पर प्रशिक्षण

**राउरकेला।** कारखाना एवं बॉयलर निदेशालय ओडिशा के तत्वावधान में औद्योगिक सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कांसबहाल स्थित इंडियन इंस्टिट्यूट फॉर प्रोडक्शन मैनेजमेंट के परिसर में औद्योगिक सुरक्षा के संदर्भ में कम्पीटेंट पर्सन द्वारा अपनाई जाने वाली निरीक्षण पद्धति विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

हाल के दिनों में सुंदरगढ़ जिले के लघु एवं मध्यम इस्पात उद्योगों में श्रमिक दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए ताकि औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण में बताया गया कि कम्पीटेंट पर्सन वह विशेषज्ञ होता है जिसे उसकी शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और प्रशिक्षण के आधार पर कारखानों में प्रयुक्त भवनों, संरचनाओं, मशीनों एवं उपकरणों की मजबूती, स्थिरता और सुरक्षा की जांच व प्रमाणीकरण का अधिकार प्राप्त होता है तथा जिसे कारखाना मुख्य निरीक्षक द्वारा अधिसूचित किया जाता है।



**कलाकारों साहित्यकारों ने साझा किए अनुपम पाल से अपने व्यक्तिगत और संस्थागत जुड़ाव के अनुभव**

# सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक का कलाकारों ने किया सम्मान

**रायगढ़।** बीते 1 फरवरी को रायगढ़ की कला साहित्य बिरादरी की तरफ से सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन कलाकर्मी अनुपम पाल के सम्मान में आयोजित था। जिन्हें हाल ही में उनकी पार्टी भाजपा ने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के छत्तीसगढ प्रदेश संयोजक की अहम ज़िम्मेदारी सौंपी है, इससे पहले अनुपम पाल सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में ही प्रदेश सह संयोजक के पद पर अपनी ज़िम्मेदारियों का बख़ूबी निर्वहन कर चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान मौजूद रायगढ़ के कला और साहित्यकर्मियों ने अनुपम पाल को शाल बुके और सम्मान पत्र भेंट किया।

इसी अवसर पर मौजूद रचनाकारों ने छत्तीसगढ भाजपा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनुपम पाल के सम्मान में स्वरचित रचनाओं का पाठ भी किया, सभी ने अनुपम पाल के साथ अपने संस्थागत और व्यक्तिगत जुड़ाव के अनुभव साझा किए। सभी के अनुभवों से एक बात जो साफ़तौर पर निकलकर आई वो ये कि अनुपम पाल वैचारिक तौर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं साथ ही उनका जुड़ाव सभी विचारधारा के लोगों से बना हुआ है और यही कारण है कि अनुपम पाल कला और संस्कृति के क्षेत्र में हर वर्ग के साथ गहरे तक जुड़ाव बना चुके हैं। पारंपरिक लोक कलाओं और लोक संस्कृति को लेकर वे बेहद संवेदनशील भी दिखाई देते हैं। कला एवं साहित्य बिरादरी की तरफ़ से अनुपम पाल को भेंट किए गए सम्मान पत्र में कहा गया है कि आपने रायगढ़ में कला, संस्कृति, रंगमंच और साहित्य के क्षेत्र से जुड़कर अपनी सक्रियता बरक़रार रखी है, राजनैतिक तौर पर आपकी प्रतिबद्धता भारतीय जनता पार्टी से रही है और अब आपको छत्तीसगढ प्रदेश में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है इसलिए हम बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं, इसी प्रसंग के साथ आपका सम्मान करते हुए उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। अपने ही शहर में अपनी ही बिरादरी से मिले सम्मान को पाकर अभिभूत अनुपम पाल ने भरोसा दिलाया कि कला और संस्कृतिकर्म के लिए शहर में टाऊन हाल के ऊपरी सभागार और पालीटेक्निक ऑडिटोरियम की उपलब्धता सहज सुलभ कराने की कोशिश की जाएगी, इसी के साथ ही साथ प्रदेश स्तर पर भी शासन की योजनाओं का लाभ कलाकारों साहित्यकारों तक पहुंचाने के लिए सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के माध्यम से ईमानदार प्रयास किए।




## पूर्व विधायक स्व रोशन की पांचवीं पुण्यतिथि झलमला में मनाई गई



**रायगढ़।** रायगढ़ विधान सभा के पूर्व विधायक स्व रोशन लाल अग्रवाल की पांचवीं पुण्यतिथि कोडातराई मंडल के अन्तर्गत आने वाले ग्राम झलमला में मनाया गया। झलमला गांव के विकास में उनके अहम भूमिका रही। हाई स्कूल से हायर सेकेण्डरी स्कूल उन्नयन और गांव में मुक्ति धाम की स्वीकृति, सामाजिक भवन की स्वीकृति में अहम भूमिका रही। झलमला के वरिष्ठ कार्यकर्ता कार्तिक राम सिदार ने याद करते हुए और झलमला में कार्यों को गिनाते हुए कहा रोशन लाल को भुल पाना मुश्किल है। झलमला क्षेत्र के पूर्व जनपद सदस्य गुणमनी यादव ने कहा कि सर्वांगीण विकास के सोच रखने वाले और वे स्पष्ट वादिता थे। झलमला के नरेंद्र सिंह नागपाल ने बताया कि रोशन लाल एक कुशल नेतृत्व मुजबूत संगठन वाले व्यक्ति थे वे जमीनी स्तर के कार्यकताओं को नेताओं से परिचय कराना और मुलाकात कराना उनके आदत में एक स्वभाव था।

तापमान

अधिकतम .27 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026


4 मोर गांव मोर पानी से संवरेगी खेती सरपंचों ने लिखी पाती



[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

## खबर संक्षेप

### 9 से 18 तक आंबा के बच्चों का होगा वजन

**रायगढ़।** जिले में 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पोषण स्तर के सटीक आकलन हेतु समुदाय की सक्रिय सहभागिता के साथ वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार यह अभियान 09 से 18 फरवरी तक जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व जिले में वजन त्यौहार का आयोजन 12 सितंबर 2023 से 23 सितंबर 2024 तक किया गया था। कलेक्टर द्वारा संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर क्लस्टरवार तिथियों का निर्धारण सुनिश्चित करेंए ताकि सभी पात्र बच्चों का वजन समय पर लिया जा सके। वजन त्यौहार के दौरान बच्चों का वजनए लंबाई एवं ऊँचाई मापी जाएगी। प्राप्त आंकड़ों के आधार पर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का आकलन कर प्रत्येक बच्चे की जानकारी निर्धारित सॉफ्टवेयर में दर्ज की जाएगी। इसके माध्यम से कुपोषित बच्चों का अद्यतन डाटाबेस तैयार किया जाएगा, जिससे उनके लिए लक्षित पोषण एवं स्वास्थ्य हस्तक्षेप सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर ने जिले के 06 वर्ष तक के सभी बच्चों के पालकों से अपील की है कि वे अनिवार्य रूप से अपने बच्चों को निकटतम आंगनबाड़ी केन्द्र में लेकर आएं और वजन त्यौहार में सहभागिता करें।

### कटनी में 23 को होगी महिला सेना पुलिस भर्ती रैली

**रायगढ़।** सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर मध्यप्रदेश द्वारा महिला सेना पुलिस पद के लिए भर्ती रैली का आयोजन 23 फरवरी को पुलिस ग्राउंड झिन्झारी, कटनी मप्र में किया जाएगा। इस भर्ती रैली में सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आने वाले सभी 33 जिलों की वे महिला उम्मीदवार भाग लेंगी, जिन्होंने कॉमन एंट्रेंस एग्जाम सीईई सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। भारतीय सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई का आयोजन किया गया था। केवल वही महिला उम्मीदवार इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होंगी, जिन्होंने ऑनलाइन परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन में सफल महिला उम्मीदवारों की चिकित्सा जांच 24 फरवरी को सेना अस्पताल, जबलपुर में की जाएगी। भर्ती रैली में शामिल होने वाली योग्य महिला उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र एडमिट कार्ड पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। साथ ही उम्मीदवारों के ई.मेल पर भी भेजे गए हैं। सेना भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड, रैली अधिसूचना के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज, तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन साथ लाना अनिवार्य होगा।

### एनपीएस ट्रेडर्स पंजीयन के लिए 4 को शिविर

**रायगढ़।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए संचालित प्रधानमंत्री श्रम.योगी मानधन योजना एवं एनपीएस ट्रेडर्स योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के पंजीयन हेतु 4 फरवरी को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर नगर निगम रायगढ़ में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। शिविर के माध्यम से नवीन श्रम पंजीयनए नवीनीकरण एवं योजना से संबंधित आवेदन किया जाएगा। इच्छुक व पात्र श्रमिक आधार कार्डए राशन कार्डए बैंक खाता विवरण एवं मोबाइल नंबर के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित होकर पात्रता जांच करवा सकते हैं और योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सहायक श्रमायुक्त रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री श्रम.योगी मानधन योजना के तहत फेरी लगाने वाले, कचरा बीनने वाले, हमाल, रिक्शा चालक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मितानिन, वनोपज श्रमिक, भूमिहीन व कृषि श्रमिक, मध्यान्ह भोजन रसोइया, चमड़ा व हाथकरघा उद्योग, मनरेगा, बीड़ी उद्योग सहित अन्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिक शामिल हो सकते हैं।

### कई नोडल अधिकारी तो खरीदी केंद्रों में लगे स्टेक का धान भी नहीं कर सके गिनती

# केवल पूर्णता प्रमाण पत्रों से हो गए संतुष्ट, एक भी समिति का नहीं हुआ आखिरी में भौतिक सत्यापन

**टपहाड़ जैसे उंचाई में जाम है धान, भौतिक सत्यापन में हो गई दिक्कत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अमूमन खरीदी के आखिरी दिन भौतिक सत्यापन होता है और उसमें पूरा स्टेक के साथ धान बोरी की जानकारी होती है, लेकिन पहली बार केवल खरीदी पूरे होने की प्रमाण पत्र से अधिकारी संतुष्ट हो गए। न तो भौतिक सत्यापन हुआ और न ही ऐसी कोई जानकारी दी गई है। खास बात तो यह है कि कई ऐसे नोडल अधिकारी भी तैनात रहे जिनको स्टेक की गिनती करना भी नहीं आता। एक स्टेक में कितने बोरी धान की छल्ली लगती है इसकी जानकारी भी नहीं हैं। इसके कारण भौतिक सत्यापन के बना केवल पूर्णता प्रमाण पत्र से ही संतुष्ट हो गए। आखिरी दिन धान की आखिरी खरीदी होने के बाद भौतिक सत्यापन होता है। इसमें कहां कितनी धान खरीदी हुई, क्विंटल और बोरी समेत जानकारी दी जाती है। इसके बाद उठाव के समय उसका मिलान होता है, लेकिन इस बार ऐसा कुछ नहीं हुआ बल्कि सीधे खरीदी पूरी होने का एक प्रमाण पत्र समिति की सील साइन से भेज दी गई। इसी में खरीदी केंद्रों में खेल होता है। स्टेक में धान की बोरी कमी बेसी हो सकती है। इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं होंने लगी है।



**27 करोड़ का धान जब्त**

इस बार 27 करोड़ 31 लाख 38 हजार 400 का धान जब्त किया गया है। करीब 200 प्रकरण दर्ज किया गया है। एक लाख 36 हजार 569 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इसकी कीमत 2000प्रति क्विंटल के हिसाब से देखा जाए तो 27 करोड़ 31 लाख 38 हजार 400 होता है। यदि यह धान खरीदी हो गई रहती तो इसकी कीमत 3100 के हिसाब से जोड़ा जाता।

**7 राइस मिलों में छापेमारी**

इस बार बाहरी कोचियों के साथ राइस मिलों में भी छापेमारी की गई। इस दौरान 7 राइस मिलों में एक हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया। इसमें स्टॉक में कमी याने जो धान उठाव समितियों से किए थे उसमें कमी होने का मामला सामने आया था। याने उठाकर दोबारा बिक्री कर दिया था। इसके कारण स्टॉक में कमी होने का मामला बनाया गया। जिन मिलों में जांच की गई उसमें अजंता अरवा राइस मिल, बिन्नी देवी अरवा राइस मिल, मनोज राइस मिल, ए वन राइस मिल, बाजाजी राइस मिल, कृष्णा राइस मिल, जय भोले ट्रेडर्स समेत अन्य राइस मिल शामिल है।


### समय से पूर्व बंद मिले आंगनबाड़ी केन्द्र

**रायगढ़।** जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन की स्थिति पर सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग रायगढ़ द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र सुभाष नगर, बंगाली कॉलोनी, बोईरदादर क्रमांक.3 एवं बाघ तालाब बंद पाए गए। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के विरुद्ध एक दिन का मानदेय काटने के निर्देश दिए गए हैं। कार्रवाई के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र सुभाष नगर की कार्यकर्ता लक्ष्मी सिंह एवं सहायिका सावित्री साहा, आंगनबाड़ी केन्द्र बोईरदादर क्रमांक.3 की कार्यकर्ता कुन्ती मालाकार एवं सहायिका उत्तरा यादवए तथा आंगनबाड़ी केन्द्र बाघ तालाब की कार्यकर्ता नीलिमा सिंह एवं सहायिका अंजनी सिंह ठाकुर का एक दिन का मानदेय काटा जाएगा।

## नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में महिला एवं नाबालिगों के विरुद्ध घटित अपराधों पर गंभीरता से त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना पुसौर पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। आरोपी पिछले करीब एक माह से लुक छिप रहा था। पीड़िता द्वारा 28 दिसंबर को थाना पुसौर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह अपने घर से सहेली के साथ स्कूटी से स्कूल आना.जाना करती थी। स्कूल जाने के दौरान मनोज खड़िया नामक युवक उसका पीछा कर अश्लील इशारे करता थाए जिसे वह अनदेखा करती रही। 27 दिसंबर को जब पीड़िता अपनी सहेली के साथ बाजार जा रही थी, तभी आरोपी मनोज खड़िया उनके पास आकर मोबाइल नंबर मांगने लगा। बालिका द्वारा मना करने पर आरोपी ने उसका बायां हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। बालिका के विरोध करने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना पुसौर में धारा 75,2, 78,1, 1 भारतीय न्याय संहिता एवं 12 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी प्रारंभ की गई। आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार था। उसकी गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी पुसौर रामकिंकर यादव द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था। आज आरोपी के गांव में मौजूद होने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी मनोज कुमार खड़िया पिता स्वर्गीय उत्तम खड़िया, उम्र 20 वर्ष, निवासी पुसौर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



## बारिश में ढह गया मकान, अब तक नहीं मिली राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित जांच एवं निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में राशन कार्ड, चिकित्सा एवं आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर श्री टोप्पो ने कहा कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनदर्शन के दौरान विकासखंड पुसौर के ग्राम छिछोरउमरिया निवासी रामगोपाल चौहान एवं रामकुमार चौहान ने मकान क्षतिपूर्ति राशि दिलाए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अतिवृष्टि के कारण उनका मकान पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया थाए जिसकी मौके पर हल्का पटवारी द्वारा जांच कर पंचायत पंचनामा प्रमाण.पत्र सहित प्रकरण तहसीलदार पुसौर के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है। इसके बावजूद 5 से 6 माह बीत जाने के बाद भी आज तक क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त नहीं हुई है। इसी क्रम में तहसील धरमजयगढ़ के ग्राम आमापाली निवासी लोकनाथ सिंह ठाकुर ने आवेदन देते हुए बताया कि गांव में लगभग एक वर्ष पूर्व पानी टंकी का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा प्रत्येक घर में नल कनेक्शन भी लगाए जा चुके हैं, किंतु अब तक नलों में जलापूर्ति प्रारंभ नहीं हो पाई है। इसके अतिरिक्त ग्राम ठाकुरदिया, खरसिया निवासी सुभाष अग्रवाल ने श्रवण यंत्र उपलब्ध कराए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। विकासखंड तमनार की ग्राम पंचायत डोलेसरा अंतर्गत ग्राम कठरापाली के ग्रामीणों ने बताया कि यहां प्राथमिक शाला संचालित है, जिसमें कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चे अध्ययनरत हैं, किंतु मुख्य शाला भवन एवं अतिरिक्त कक्ष दोनों ही जर्जर अवस्था में हैं।

उन्होंने बच्चों के सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त शाला भवन के निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसके अलावा अन्य आवेदकों ने भी अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। अपर कलेक्टर श्री टोप्पो ने सभी आवेदनों की नियमानुसार जांच कराकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## केलो विहार कॉलोनी में देह व्यापार, 2 युवक, तीन महिला गिरफ्तार

**सीएसपी के नेतृत्व में चक्रधरनगर और साइबर थाना ने केलो विहार के मकान पर की सटीक रेड कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के सबसे सभ्रांत और सरकारी अधिकारी कर्मचारियों के नाम से जाना जाने वाली केलो विहार कॉलोनी में देह व्यापार का सनसनी खेज मामला सामने आया है। कलेक्टोरेट और थाने के पीछे हो रहे इस अवैध कारोबार को लेकर कई तरह के सवाल खड़े होने लगा है।

जानकारी के मुताबिक केलो बिहार कॉलोनी स्थित संतोष सोनी के मकान में किरायेदार 'डिंपी उर्फ राहुल इजारदार बाहर से महिलाओं को लाकर देह व्यापार करा रहा है। सूचना से तत्काल एसएसपी शशि मोहन सिंह को अवगत कराया गया जिनके मार्गदर्शन पर थाना चक्रधरनगर और साइबर पुलिस थाना की संयुक्त टीम गठित कर रेड की योजना बनाई गई। पुलिस द्वारा पहले एक पाइंटर को ग्राहक बनाकर रुपये देकर मकान भेजा गया। पाइंटर से संकेत मिलते ही मकान की घेराबंदी कर एकाएक छापामार कार्रवाई की गई। मौके पर मकान के अंदर तीन महिलाएं पुलिस पाइंटर आरोपी डिंपी उर्फ राहुल इजारदार तथा एक अन्य व्यक्ति नागेंद्र विश्वकर्मा निवासी कोतरारोड पाए गए। मकान से देह व्यापार में प्रयुक्त कई आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई। पूछताछ में नागेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि डिंपी इजारदार मकान का किरायेदार है, जो महिलाओं को लाकर उनसे वेश्यावृत्ति करवाता है और वह उसी सिलसिले में वहां आया था। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी डिंपी इजारदार किराए के मकान में महिलाओं को पैसों का लालच देकर अनैतिक देह व्यापार कर जीवन.निर्वहन कर रहा था, स्वयं इसका संचालन व प्रबंधन करता था तथा दलाली की भूमिका निभा रहा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के मोबाइल फोन, पाइंटर द्वारा आरोपी को दिया गया रकम एवं आपत्तिजनक सामग्री को गवाहों के समक्ष जप्त किया। पकड़े गए आरोपी में डिंपी उर्फ राहुल इजारदार पिता जीवनलाल इजारदार, उम्र 40 वर्ष, निवासी संतोष सोनी का मकान, केलो बिहार थाना चक्रधरनगर, नागेंद्र विश्वकर्मा पिता विनोद विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी गणेश चौक थाना कोतरारोड उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना चक्रधरनगर में धारा 3, 4, 5 अनैतिक देह व्यापार पीटा अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



## आभा आईडी से मिलेगी पहचान, हर नागरिक के लिए है जरुरी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि निकटतम उपस्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रोंए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एव जिला अस्पताल में निःशुल्क पंजीयन किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि आभा आईडी से डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम मजबूत होगा, जो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को क्रांतिकारी बनाएगा। यह अभियान सारंगढ़-बिलाईगढ़ जैसे दूरस्थ जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जहां आभा आईडी से दुर्घटना या बीमारी में त्वरित सहायता मिल सकेगी।

छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आभा के महत्व को समझाने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष अभियान शुरू किया है। आभा आईडी एक 14.अंकीय यूनिक डिजिटल हेल्थ पहचान है जो नागरिकों के सभी मेडिकल रिकॉर्ड्स को एक जगह सुरक्षित रखती है, जिससे इलाज में तेजी आती है और पेपरवर्क कम होता है। यह मरीजों की मेडिकल हिस्ट्री, प्रिसक्रिप्शन और टेस्ट रिपोर्ट्स को डिजिटल रूप से स्टोर करता है, जिससे डॉक्टर तुरंत जानकारी प्राप्त कर पर्सनलाइज्ड इलाज दे सकें। आधार या ड्राइविंग लाइसेंस से आसानी से बनता है और देशभर के हॉस्पिटल्स में इस्तेमाल होता है, जिससे आयुष्मान भारत कार्ड जैसी योजनाओं का लाभ मिले।गोपनीयता बनाए रखते हुए नॉमिनी जोड़ने की सुविधा देती हैए जो आपात स्थिति में परिवार को मदद करती है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने बरमकेला प्रवास पर स्वास्थ्य अधिकारियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स की बैठक में सख्त निर्देश दिए थे कि जिले के हर ब्लॉक और पंचायत स्तर पर आभा आईडी रजिस्ट्रेशन कैंप लगाए एव राष्ट्रीय कार्यक्रमो में पंजीकृत हितग्राहियो की आभा आईडी भी संबंधित पोर्टल पर जोड़ा जाए।



**राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत**

## विशाखापट्टनम में विज्ञान, संस्कृति और तकनीक से साक्षात्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के विभिन्न ब्लॉकों से चयनित प्रारंभिक स्तर के 10 एवं सेकेंडरी स्तर के 10 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विशाखापट्टनम की अंतर्राज्यीय शैक्षणिक यात्रा की। यात्रा के शुरुआत से पहले जिला मिशन समन्वयक आलोक स्वर्णकार द्वारा विद्यार्थियों को पेन पैड वितरित किए गए तथा सभी बच्चों को कैप पहनाकर शैक्षणिक भ्रमण के उद्देश्य, अनुशासन, सुरक्षा एवं टीम भावना के महत्व पर प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विद्यार्थियों ने रायगढ़ से चांपा होते हुए विशाखापट्टनम एक्सप्रेस द्वारा यात्रा की।

अनेक विद्यार्थियों के लिए यह पहली बार एसी कोच में लंबी दूरी की रेल यात्रा थी, जिसने उन्हें भारतीय रेल की सुविधाओं से परिचित कराया और सीखने के साथ रोमांच का अनूठा अनुभव प्रदान किया। विशाखापट्टनम पहुँचने पर विद्यार्थियों ने वातानुकूलित आवास में ठहराव के पश्चात अपने शैक्षणिक भ्रमण की शुरुआत सिंहाचलम मंदिर से की। भगवान वराह लक्ष्मी नरसिम्हा को समर्पित यह मंदिर कलिंग एवं द्रविड़ स्थापत्य शैली का उत्कृष्ट उदाहरण है। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रामानायडू फिल्म सिटी, ऋषिकोंडा बीच, इंदिरा गांधी जू लॉजिकल पार्क, कैलाशगिरी पार्क, ग्लास ब्रिज, टॉय ट्रेन एवं भगवान शिव की विशाल प्रतिमा का अवलोकन किया। आरके बीच क्षेत्र में विद्यार्थियों ने एशिया की पहली और विश्व की दूसरी पनडुब्बी संग्रहालय, 142 एयरक्राफ्ट म्यूजियम, सी हैरियर म्यूजियम तथा हेलीकॉप्टर म्यूजियम का भ्रमण किया। पनडुब्बी के भीतर प्रवेश कर विद्यार्थियों ने उसके सातों कंपार्टमेंट्स को देखा और यह समझा कि किस प्रकार समुद्र के भीतर यह तकनीकी चमत्कार कार्य करता है। विशाखापट्टनम पोर्ट पर खड़े विशालकाय जहाज विद्यार्थियों के लिए विशेष जिज्ञासा का केंद्र रहे।



## धारदार चाकू लहराने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

धारदार चाकु लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया ।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चांपा क्षेत्र के जवाहरपारा निवासी आरोपी अमन नायक उर्फ बांगड उम्र 21 वर्ष धारदार चाकू लेकर लोगो को भयाक्रांत कर रहा था। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने रेड कार्यवाही कर आरोपी को पकड़ा तथा उसके कब्जे से एक चाकू बरामद किया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अशोक वैष्णव, उपनिरीक्षक उमेन्द्र मिश्रा, सउनि बलवंत धृतहरे, आरक्षक गौरीशंकर राय, आकाश कलोशिया एवं थाना चांपा स्टाफ का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### शराब दुकान का ग्राम पंचायत ने किया विरोध

**खरसिया।** सपिया खरसिया मुख्य मार्ग पर प्रस्तावित देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान के आवंटन को लेकर ग्राम पंचायत सपिया ने आपत्ति दर्ज कराई है। ग्राम पंचायत की ओर से इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खरसिया को लिखित आवेदन सौंपते हुए उक्त मार्ग पर जारी निविदा को निरस्त करने की मांग की गई है। आवेदन में कहा गया है कि सपिया खरसिया मार्ग ग्रामीणों, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, विद्यार्थियों तथा व्यापारियों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। इसी मार्ग से शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। ऐसे में इस मार्ग पर शराब दुकान खोले जाने से सड़क दुर्घटनाओं, असामाजिक गतिविधियों तथा कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका बनी हुई है। ग्राम पंचायत ने यह भी बताया कि यह मार्ग दो जिलों की सीमा से लगा हुआ है तथा पहले से ही यातायात के दबाव के कारण संवेदनशील बना हुआ है। जनहित एवं आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पंचायत ने प्रशासन से सपिया खरसिया मार्ग पर प्रस्तावित देशी विदेशी मदिरा दुकान की निविदा तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

## निधन...

### लोचन प्रसाद मालाकार

**रायगढ़।** ग्राम नंदेली निवासी



लोचन प्रसाद मालाकार का निधन हो गया। जैसे ही निधन की खबर नंदेली क्षेत्र के आस पास के गांव एवं रिश्तेदारों को पता चली तो शोक का माहौल बन गया। लोचन प्रसाद मालाकार सरल स्वभाव और कुशल व्यवहार एवं मिलन सार प्रवृति के थे। लोगों को हंस के बात करना उनके स्वभाव में था। वे नंदेली के मनोज मालाकार और मुकेश के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृह गांव नंदेली मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया।

### श्रीमती सोहद्रा डनसेना

**बरमकेला।** बरमकेला ब्लॉक के



ग्राम अमोदा निवासी श्रीमती सोहद्रा डनसेना का 90 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया। वे शिक्षक बसंत डनसेना एवं पंच विजय डनसेना की पूज्य माता थीं। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है।

### गुलाब देवी पांडेय

**कूड़ेकेला।** पाण्डेय परिवार के



मातृशक्ति गुलाब देवी पांडेय का 60 वर्ष की आयु में देहावसान से परिवार के साथ गाँव में शोक की लहर दौड़ गई है। इस दुखद घड़ी में दो बेटों के सिर से मां का साया हमेशा के लिए उठ गया है। 60 वर्ष की आयु जो जीवन के अनुभवों को साझा करने और बच्चों को मार्गदर्शन देने की होती है, उसी पड़ाव पर मां का बिछड़ना परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। पाण्डेय परिवार के इस कठिन समय में स्थानीय जनो व परिजनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

**Affidavit for Name Change (Minor)**

1, Shri Sachin Kumar, father and natural guardian of Sa. Tanu, aged 5 years, resident of House No. 201/4, Kapu Block Office, Dharamjaigarh, District Raigarh, Chhattisgarh, do hereby solemnly affirm and declare as follows:
1. That my daughter/son Sa. Tanu is a minor (below 18 years of age).
2. That the present/previous name of my daughter/son is Sa. Tanu.
3. That I wish to change the name of my daughter/son from Sa. Tanu to A.S. Tanu Shree.
4. That this name change is being made for her/his education, personal records, and all future official and legal purposes.
5. That henceforth, my daughter/son shall be known as A.S. Tanu Shree in all records and for all purposes.
6. That the statements made herein are true and correct to the best of my knowledge and belief, and nothing material has been concealed.

Place: Dharmajaigarh
Date: 02/02/2026

**Signature & Exacution Attested**
**Notary - Dharamjaigarh**
**Distt.-Raigarh (C.G.)**

## चेक डैम से खेती व होगा जल सरंक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

# मोर गांव मोर पानी से संवरेगी खेती, सरपंचों ने लिखी पाती

महात्मा गांधी नरेगा योजना से वर्तमान में जल स्तर एवं जल संर्वधन के संबंध में जिले के समस्त 07 विकासखंडों में जल सरंक्षण संबंधी कार्या को बढ़ावा देने के लिए डबरी, स्टॉप डेम, चेक डेम, गेबियन, तालाब गहरीकरण, नए तालाब, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, लूज बोल्डर चेक डेम मिनी परकोलेशन टैंक और कुआं निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को प्रमुखता से स्वीकृति प्रदान की जा रही है।

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना मोर गांव मोर पानी महाअभियान को क्रियान्वित करने के लिए रायगढ़ जिला दृढ संकल्पित है एवं इसके तहत विभिन्न प्रकार की जल सरंक्षण एवं संग्रहण संबंधी सरंचनाएं स्टॉप डेम, चेक डेम, गेबियन, कुआं जैसे कार्या प्राथमिकता देते हुए स्वीकृति प्रदान की जा रही है। भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार, जिले के विकासखंडों को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर विभाजित किया गया है। वर्तमान में 02 ब्लॉक सेमीक्रिटिकल जिसमे तमनार एवं पुसौर तथा 05 ब्लॉक सेफ श्रेणी में हैं। केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए सेमीक्रिटिकल ब्लॉकों में 40 प्रतिशत और सेफ ब्लॉकों में 30 प्रतिशत व्यय अनिवार्य रूप से जल संरक्षण कार्यों पर किया जा रहा है।



### ग्राम पंचायतों में चेक डेम एवं स्टॉप डेम की स्वीकृति

कया ग्राम पंचायत में स्टाप डेम निर्माण कार्य 16.681 लाख रुपए, बटुराकछार ग्राम पंचायत में स्टाप डेम निर्माण कार्य 16.681 लाख रुपए, चिमटापानी ग्राम पंचायत में चेकडेम निर्माण कार्य 16.474 लाख रुपए, पुसल्दा ग्राम पंचायत में चेकडेम निर्माण कार्य 16.440 लाख रुपए, टेरम ग्राम पंचायत में चेकडेम निर्माण कार्य 17.002 लाख रुपए, चिल्कागुड़ा ग्राम पंचायत में चेकडेम निर्माण कार्य 19.778 लाख रुपए, उपरोक्त ग्राम पंचायतों में चेकडेम स्टापडेम की स्वीकृति से सरपंच श्रीमती सुकान्ति राठिया, निकेष राठिया, ईन्दरसाय राठिया, संतुराम राठिया, श्रीमती श्यामवती राठिया, प्रदीप कुमार राठिया ने जिला प्रषासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उपरोक्त बहुप्रतिक्षित मांग पुरी हुई है। इससे भू जल स्तर पर वृद्धि एवं प्रत्येक पंचायतों में 20.25 एकड़ भूमि में सिंचाई सुविधा सुनिष्चित होगी और गांव के किसान सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। उपरोक्त हमारे ग्राम पंचायत किसी भी प्रतिबंधित एवं प्रभावित क्षेत्र के दायरे में नहीं आते हैं तथा ग्रामीण विकास के लिए हमेशा मील का पत्थर साबित होंगे।

### बहुआयामी जल संरचनाओं को मिली स्वीकृति

प्रशासन द्वारा जिले के ग्रामीण अंचलों में डबरी, स्टॉप डेम, चेक डेम, गैब्रियन, तालाब गहरीकरण, नए तालाब, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, लूज बोल्डर चेक डेम मिनी परकोलेशन टैंक और कुआं निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को प्रमुखता से स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इन कार्यों से वर्षा जल का प्रभावी संचयन सुनिश्चित होगा, जिससे भीषण गर्मी के दिनों में भी निस्तारी और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा।

### राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान और आगामी संकल्प

रायगढ़ जिला जल प्रबंधन के क्षेत्र में देश के अग्रणी जिलों में शुमार हो चुका है। हाल ही में जिले को जल शक्ति जन भागीदारी 1.0 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय श्रेणी में 25 लाख रुपये का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इस सफलता से उत्साहित जिला प्रशासन अब जल शक्ति जन भागीदारी 2.0 में भी शीर्ष स्थान और अवार्ड प्राप्त करने हेतु पूरी निष्ठा के साथ दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रहा है।

### लक्ष्य आधारित कार्य सोक पिट निर्माण

जिला प्रशासन ने स्वच्छता और जल संवर्धन को जोड़ते हुए एक बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान में जिला प्रशासन द्वारा 10 दिनों में 1800 सोक पिट और 100 दिनों में 18,000 सोक पिट निर्माण का वृहद अभियान चलाया जा रहा है। विशेष रूप से प्रत्येक प्रधानमंत्री आवास हितग्राही के घर के समीप एक सोक पिट का निर्माण किया जा रहा है, जिससे गंदे पानी का प्रबंधन और भू.जल रिचार्ज एक साथ संभव हो सकेगा।



## राज्यपाल ने नम्रता को किया सम्मानित, मिले 5 स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

खेत और घर से जुडे परिश्रम के बीच इतना सधा हुआ सुर निकलेगा इसकी कल्पना शायद किसी ने नहीं किया होगा, लेकिन नम्रता गुप्ता इसे केवल कर ही नहीं दिखाया बल्कि इन्होंने राज्यपाल के हाथों 5 स्वर्णपदक भी प्राप्त किए।

पुसौर क्षेत्र के ग्राम टिनमिनी निवासी के एक ऐसे ही किरदार कैवल्य प्रधान हैं जिनका पुत्र सदानंद प्रधान घरेलू कृषि कार्य करते हुए संगीत के क्षेत्र में भी आगे जाना चाहते थे जिन्हें शायद वो प्लेटफार्म नहीं मिला, लेकिन इन्होंने ये ठान लिया कि इस क्षेत्र में उनकी बेटी नम्रता प्रधान जरूर आगे जाएगी जिसके लिए इन्होंने जहां स्वर साधना करवाया और अलग-अलग संगीत विश्वविद्यालयों में दाखिला दिलाकर दक्षता हासिल करवाया। इसमें वो इतनी काबिल बनी की अपने संगीत के बल पर अपनी केरियर को भी आगे बढाया। जानकारी के मुताबिक खैरागढ़ संगीत विश्व विद्यालय में नम्रता गुप्ता मास्टर आप प्रोफार्मिंग आर्ट की डिग्री हासिल करने के बाद भोपाल संगीत विद्यालय में ये पीएडी कर रही हैं साथ ही दुधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय में म्यूजिक गेस्ट प्रोफेसर हैं। खैरागढ़ संगीत युनिवर्सिटी में ये संगीत संकाय वर्ष 2023-24 में मेघराज जैन स्वर्ण पदक, एमपीए, गायन, पदमाकर यशवंतराव बख्शी स्वर्ण पदक, एमए गायन, स्व श्रीमती तुलसादेवी हीरालाल जाययसवाल, एमपीए गायन, श्रीमती षैलबाला सुरेन्द्रनाथ मिश्र, स्मृति स्वर्ण पदक एम ए गायन तथा 5. स्व डा अमरेष चंद्र चौबे स्मृति स्वर्ण पदक एमपीए गायन के टास्क में विषेश योग्यता हासिल होने के फलस्वरूप महामहीम राज्यपाल रमेन डेका ने सत्रहवें दीक्षान्त समारोह 2026 में इन पांच विषयों का स्वर्णपदक प्रदाय किया।

## शिवरात्रि और शिव बारात की तैयारियां प्रारम्भ, बैठक में निर्णय

**खरसिया।** शिवरात्रि के पावन पर्व पर 15 फरवरी को शिव बारात निकाली जाएगी। जिसकी तैयारी के लिए शिव मंदिर भगत तालाब में एक बैठक रखी गई थी, जिसमें शिव बारात के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

गौरतलब है कि शिवभक्तों के द्वारा विगत चार वर्षों से शिवरात्रि के अवसर पर भोले बाबा की बारात निकाली जा रही है, जिसकी तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित कर नगरवासियों से सुझाव तथा परामर्श लेने के पश्चात इस वर्ष भी शिव बारात को धूमधाम से निकालने का निर्णय लिया गया, बैठक में लिए निर्णय के अनुसार 15 फरवरी को शाम 3 बजे से शिव मन्दिर भगत तालाब से शिव बारात निकाली जाएगी जो गोपाल राइस मिल के पास से लौटकर सुभाष चौंक से होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से नगर भ्रमण कर



वापिस शिव मन्दिर में बारात का समापन किया जाएगा। शिव मन्दिर में महाआरती के बाद महा प्रसाद का वितरण किया जाएगा शिवभक्तों के द्वारा जगह जगह पर शिवबारात का स्वागत भी किया जाएगा। शिव बारात में इस वर्ष मेरठ के कलाकारों के द्वारा शिव गणों सहित भूत प्रेतों की झांकी भी निकाली जाएगी तथा आकर्षक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। शिवभक्तों के द्वारा इस वर्ष भी शिव बारात के अगले दिन विशाल महाभण्ड़ारा का आयोजन किया जा रहा है। शिव बारात तथा शिवरात्रि के पर्व को भव्यता से मनाने के लिए शिव परिवार के श्यामसुन्दर अग्रवाल, विजय मिले, सुनील अग्रवाल पत्रकार, मनीष अग्रवाल, सतीष अग्रवाल, नारायण चक्रधारी, मुकेश अमलडीहा, सुरेश शम्भू, दीनदयाल अग्रवाल, आशीष शर्मा, दिलीप शर्मा, शेरू शर्मा, आकाश शर्मा, विकास कबुलपुरिया, प्रमोद अग्रवाल, टीनू शर्मा, शुभम अग्रवाल, मोहन केशरवानी, ललित बंसल, सत्यनारायण मुर्रा, राजा अग्रवाल रोशन सहित नगर के राम सराफ, सुरेश कबुलपुरिया, राजेश घनसू, चीनू शर्मा पार्षद, प्रभात लाट, आशीष गुप्ता, नीरज पिलानिया, बंटी कबुलपुरिया समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आंबा केंद्रों के बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोईंग

रायगढ़ पूर्वांचल के ग्राम पंचायत लोइंग में 2 फरवरी को केंद्र क्रमांक 1, 3 और क्रमांक 4 के बच्चों को मिलाकर केंद्र क्रमांक 04 में न्योता भोज के उपलक्ष्य में बाल भोग बनाकर खिलाया गया।

साथ में बच्चों की मां और अन्य बच्चे भी शामिल रहे। बाल भोग कराने में ग्राम पंचायत सरपंच मीनाक्षी गुप्ता का भी सहयोग रहा।



# वित्त मंत्री ने बताई बजट की खूबियां

बजट पेश होने के बाद प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि सरकार ने 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों को स्वीकार करते हुए राज्यों को धन हस्तांतरण में 41 प्रतिशत की हिस्सेदारी बरकरार रखने का निर्णय लिया है।



**रायगढ़।** केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राज्यों को 14 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया यह बजट जो कर्तव्य भवन में बना है। बजट की खूबियां बताते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा इस बजट के बार आर्थिक ग्रोथ को बढ़ावा मिलेगा। निवेश, उद्योग और रोजगार सृजन को मजबूती मिलेगी। जनता की उम्मीदों को पूरा करते हुए सामान्य नागरिकों को अधिक सुविधाएं और अवसर मिलेगा। सबका साथ, सबका विकास विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाना इस बजट का प्रमुख उद्देश्य है।

### उद्योगपतियों का है बजट : लालजीत



धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने केन्द्रीय बजट को लेकर कहा कि यह केवल उद्योगपतियों और बड़े व्यवसायियों के लिए लाया गया बजट है। इससे आम लोगों को किसी तरह का कोई फायदा नहीं मिलेगा। केवल सपने दिखाए गए है।

### बजट है दिवा स्वप्न : गणेश

रायगढ़। लेखक और समीक्षक गणेश कछवाहा ने बजट को लेकर कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट दीर्घकालिक दृष्टि और तात्कालिक चुनौतियों के बीच संतुलन स्थापित करने की कसौटी पर परखा जाना चाहिए। यह उनका नौवाँ बजट है, जो निरंतरता का संकेत देता है।

### महिलाओं के लिए रोजगार : मधुलता

रायगढ़। महिला मोर्चा अध्यक्ष मधुलता पटेल ने कहा कि इस बजट में महिलाओं के लिए रोजगार, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण का समुचित ध्यान रखा गया है। महिलाओं के लिए सूक्ष्मए लघु और मध्यम उद्यमों के लिए सस्ता ऋण, जनधन खातों को वित्तीय सेवाओं से जोड़ना, और पोषण, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी योजनाओं के लिए आवंटन बढ़ाना शामिल है,।

### जनहित ध्यान भाजपा की पहचान : महापौर

रायगढ़। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए निगम महापौर जीवर्धन ने कहा जनहित का ध्यान भाजपा की पहचान बन गई है। सस्ती हुई वस्तुओं की सूची के जरिए उन्होंने बताया कि उस बजट के बाद कपड़े, लेदर आइटम, सिंथेटिक फुटवियर, कैंसर.शुगर की 17 दवाएं ड्यूटी फ्रीएलिथियम आयन सेल, मोबाइल बैटरियां, सोलर ग्लास, ईवी, माइक्रोवेव ओवन विमानों का ईंधन सस्ता हो जाएगा।

### आमजन को राहत नहीं : शाखा

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शाखा यादव ने इस बजट को अर्थहीन बताया है। उनकी मानें तो यह कोई विशेष बजट नहीं हैए इसमें आमजनता को कोई राहत मिली हैए बल्कि आने वाले समय में महंगाई बढेगा। उनका कहना है कि बजट के आने के बाद शेयर बाजार औंधे मुंह गिर गया। इससे यह सीधे तौर नजर आता है कि इस बजट से नुकसान ही होना है। इसमें कोई दीर्घकालीन प्लान नहीं है, बल्कि आम लोगों को इससे और भी अधिक आर्थिक बोझ झेलना होगा।

## 5 फरवरी से कलमा में तीन दिवसीय ग्रामीण स्तरीय कबड्डी स्पर्धा

- ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा मंच, कलमा में तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**चंद्रपुर।** नगर से लगे चंद्रपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत कलमा में ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता स्व. नीलांबर प्रसाद नंदे एवं स्व. वेणुधर नंदे की स्मृति में आयोजित की जा रही है, जिसका आयोजन 5 से 7 फरवरी तक तीन दिवसीय कार्यक्रम के रूप में किया गया है।

आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से कबड्डी टीमों के भाग लेने की संभावना है। प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीणों एवं खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार के रूप में 15 हजार पंकज नंदे व रविकांत नंदे द्वारा प्रदान की जाएगी। वहीं द्वितीय पुरस्कार 10-101 डूगू राम उरांव एवं दुःखभंजन उरांव के सौजन्य से रखा गया है। तृतीय पुरस्कार 7 हजार 101 प्रकाश जयसवाल द्वारा तथा चतुर्थ पुरस्कार 3,101 केशव नंदे द्वारा प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किए जाएंगे। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के उद्घाटन एवं समापन अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार यादव तथा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति प्रियंका आलोक पटेल शामिल होंगे। दोनों अतिथि खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए ग्रामीण खेलों के महत्व पर अपने विचार रखेंगे। वही इस आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोगियों के रूप में रामेश्वर माली, कमल नवल पटेल, रविकांत नंदे, दीपक गिरी गोस्वामी, जगदीश उरांव, रूपचरण यादव, दिनेश निषाद, गोकुल उरांव, दिनेश यादव, ग्राम पंचायत कलमा की सरपंच ममता खगेश्वर चौहान, उपसरपंच राजेश गिरी गोस्वामी, नारायण उरांव, जितेंद्र निषाद, दया उरांव आशाराम उरांव सहित समस्त ग्रामवासी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए भोजन एवं आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं का किया सम्मान



**चंद्रपुर।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के सफलतम 25 वर्ष पूरा होने पर रजत जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड चंद्रपुर द्वारा नगर पंचायत चंद्रपुर में उपभोक्ताओं को समय पर बिजली बिल भुगतान, बिजली की बचत करने वाले तथा ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं और सोलर पैनल अपनाने वाले एकल व्यक्ति कनेक्शन धारी, गैर घरेलू उपभोक्ता, कृषक जीवन ज्योति उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सभी उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन, विशिष्ट अतिथि तिलेश माली भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद गण, अनिल सोनवानी जी सीएमओ नगर पंचायत चंद्रपुर, गिरजा शंकर यादव, गौरी गुप्ता, कमल अग्रवाल, सहायक अभियंता सागर ताम्रकार, कनिष्ठ यंत्री राजेंद्र सिदार एवं अभिषेक तिवारी, तकनीशियन कर्मचारी, अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया सभी उपभोक्ताओं को बिजली की बचत करने आगे आना होगा ताकि आपका एक छोटा सा प्रयास से हमें बिजली अव्यवस्थाओं का सामना करना न पड़े। बिजली का कम खपत के लिए सौर ऊर्जा पैनल का उपयोग करें। कार्यक्रम को कनिष्ठ अभियंता राजेंद्र सिदार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन गौरी गुप्ता ने किया और आभार कनिष्ठ यंत्री अभिषेक तिवारी ने किया।

### विदाई समारोह में शामिल हुए जिलाध्यक्ष अनिल

**कोसीर।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ रायपुर के प्रांताध्यक्ष बिन्देश्वर राम रौतिया का अर्द्धवार्षिकी पूर्ण होने पर उनके निवास रायगढ़ के नगर निगम ऑडिटोरियम में सेवानिवृत विदाई कार्यक्रम रखा गया था। कमल वर्मा प्रदेश संयोजक कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन रायपुर के अध्यक्षता मे विदाई कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व विधायक विजय अग्रवाल जी के कर कलमो से कार्यक्रम की रूप रेखा दिया गया। इस कार्यक्रम मे तमाम छत्तीसगढ़ के अनेक संगठन से आये प्रदेश अध्यक्ष, कार्यकारिणी पदाधिकारी, संभागीय अध्यक्ष कार्यकारिणी पदाधिकारी अति विशिष्ट अतिथि रहे एवं छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ मे समस्त प्रदेश कार्यकारिणी, समस्त संभाग के समस्त कार्यकारिणी एवं सभी जिलों से आये समस्त जिलाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी विशिष्ट अतिथि रहे एवं रायगढ़ जिले के जिलाध्यक्ष, जिला संयोजक आजाक कार्यकारिणी एवं हजारों की संख्या में समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्व.रोशन की 5वीं पुण्य तिथि पर हनुमान चालीसा पाठ



**पुसौर।** भाजपा के सशस्त्र प्रहरी के रूप में रोशन लाल अग्रवाल 1990 आस पास से जाना जाता है। ये लोगों से मिलते थे तो उन्हें हनुमान चालीसा भेंट करते हुए अपने संवाद प्रारंभ करते थे। यह सिलसिला उनके विधायक बनने के बीच भी रही और ये जब तक थे तब तक भी रहा इसलिए प्रायः उनके जन्मदिन अथवा पुण्यतिथि पर उनके समर्थक निश्चित ही हनुमान चालीसा पाठ करवा करवा कर अपने भावना व्यक्त करते रहे हैं। इस तारतम्य में उनके पांचवी पुण्यतिथि पर नगर पंचायत पुसौर के सबसे पुरातन हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। नगर पंचायत पुसौर के पूर्व पार्षद व जननेता रोशनलाल के करीबी रहे जगन्नाथ प्रधान के अगुवाई में हुआ जिसके लिए पूर्व एल्डरमेन घनश्याम पटेल ने नगर भाजपा ग्रुप में लोगों को संदेश पहुंचाया था। इसमें वरिष्ठ नागरिक बद्रीनारायण महाना हरिहर साव सुदाम कशेर पुजारी उत्तम पंडा मंडल अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता, नगर पंचायत पुसौर के उपाध्यक्ष उमेश साव, पूर्व उपाध्यक्ष अभिमन्यु साहू, पार्षद पप्पू यादव, पार्षद फागूलाल प्रधान, पार्षद मंगल साव, संतोष नायक सहित आसपास के माताएं, कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

